हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–64 : जौनपुर, मंगलवार 01 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यातायात जागरुकता अभियान के तहत एसपी ग्रामीण ने खुद पहनाया हेलमेट

वाराणसी ब्यूरो : पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण द्वारा थाना बड़ागांव अंतर्गत हरहुआ रिंग रोड चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान का फीता काटकर यातायात माह का शुभारंभ किया गया। यह अभियान नवम्बर माह तक चलेगा जिसके अंतर्गत पुलिस अधीक्षक वाराणसी ग्रामीण द्वारा जनता से अपील गई कि बिना हेलमेट, अवैध पार्किंग बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में चलने वाले, तीन सवारी का प्रयोग न करें। आम जनमानस को यातायात नियमों के बारे में जानकारी एवं जागरूक किया गया तथा बताया गया कि आए दिन सड़क हादसे होते हैं जिसमें लोगों की जान चली जाती है इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी ना होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन न करना है। दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें, वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को निर्धारित गति में चलाएं, नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें, स्टंट बाइकिंग से बचें, काली फिल्म, हूटर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करें। गलत दिशा में ना चले, इस तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे। साथ ही रोड के किनारे अपने वाहन आदि न खड़ा करें एवं रिफ्लेक्टर अवश्य लगाएं। साथ ही ट्रैक्टर–ट्राली लोडर पिकअप से यात्रा न करें, यातायात नियमों की अनदेखी, अवैध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों एवं वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी राजातालाब, उप जिलाधिकारी पिण्डरा, क्षेत्राधिकारी बड़ागाँव/ ट्रैफिक, क्षेत्राधिकारी



पिण्डरा, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रशिक्षु डीएसपी, प्रतिसार निरीक्षक वाराणसी ग्रामीण, प्रभारी निरीक्षक बड़ागाँव तथा पुलिस के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमो के पालन हेतु शपथ दिला किया जागरूक मिर्जामुराद। स्थानीय किसान इंटर कॉलेज मिर्जामुराद के प्रांगण में मंगलवार को यातायात सुरक्षा माह के मद्देनजर स्कूली बच्चों को थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने यातायात के संबंध में जानकारी दें कर जागरूक किया। छात्रों को यातायात सुरक्षा संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी को सदैव यातायात नियमों का पालन करना चाहिए बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल व स्कूटर नहीं चलाना चाहिए, चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करना चाहिए, सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना चाहिए। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का मतलब है कि आप अपनी जीवन की सुरक्षा के प्रति सजग है। साथ ही बच्चों को यातायात सम्बंधित सपथ भी दिलाया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह के साथ एस आई अतुल त्रिपाठी, कालेज के प्रधानाचार्य डॉ शिवराज मिश्र,विमल सिंह,सुरेन्द्र तिवारी,मतलूब खान,अखिलेश सिंह गौतम व अध्यापकगण सहित सैकड़ों छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## बलिया में धारदार हथियार से बुजुर्ग की हत्याः खेत में मिला लहूलुहान शव

वाराणसी ब्यूरो : बलिया के स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव सारिक छपरा में डेरा पर रहने वाले नगर निवासी 65 वर्षीय वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वृद्ध का शव मंगलवार सुवह डेरा के पास स्थित एक खेत के किनारे मंगलवार सुबह मिला। ग्रामीणों ने शव को देखा तो खबर जंगल में आग तरह फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। एडिशनल एसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी, फॉरेंसिक टीम, एसओजी इंचार्ज अजय यादव भी पहुंच गए और मौके से साक्ष्य जुटाए। बुजुर्ग ने ब्याज पर कई लोगों को पैसे दिए थे। शक के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। सारिक छपरा ग्राम सभा में भिंसिया सीमा पर स्थित दयाल राय के डेरा पर नगर के वार्ड 10 निवासी श्रीकृष्ण राय का डेरा है। श्रीकृष्ण राय इसी डेरे पर रहते थे। उनकी तीन पुत्रियां हैं। तीनों विवाहिता हैं। श्रीकृष्ण राय अपने डेरे पर मुर्गियों और बकरी आदि को पालन करते थे। उनके पास डेढ़ बीघा खेत था। इसे उन्होंने अपनी दो पुत्रियों ललिता तथा मानती के नाम 2014 में रजिस्ट्री कर दी थी। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे डेरे के पास से होकर गुजर रहे किसी राहगीर ने बताया कि रमेश सिंह के खेत में किसी का शव पड़ा है। धीरे–धीरे लोग इकट्ठा होने लगे। श्रीकृष्ण राय के रूप में पहचान की गई। सिर के पीछे चोट के निशान थे जिसके खेत में खून पसरा पड़ा हुआ था। स्थानीय पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। वृद्ध के सिर पर धारदार हथियार से छोटे बड़े पांच वार किए गए थे। उनका सिर जगह–जगह कट गया था। सूचना पाकर पुत्री मानती तथा छोटी बेटी कुंती रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचीं। मानती की शादी बैरिया थाना स्थित चांदपुर के सुभाष सिंह के साथ हुई है। बड़ी बहन ललिता की शादी भी उसी घर में हुई है। कुंती ने प्रेम विवाह संजीत यादव पुत्र नरसिंह यादव भोपालपुर थाना रेवती से किया था। मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बारीकी से जांच की। मझली पुत्री मानती से अलग हटकर पूछताछ की। आसपास के लोगों ने बताया श्रीकृष्ण राय ने कुछ लोगों को ब्याज पर रुपए दिए हुए धे। एडिश्नल एसपी डीपी तिवारी ने बताया कि पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। तहरीर मिल गई है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## यूपी रोडवेज की साधारण बसों में आज से कराया जा सकेगा रिजर्वेशन : काउंटर से मिलेगी सुविधा

प्रयागराज ब्यूरो : यूपी रोडवेज की साधारण श्रेणी की बसों में मंगलवार एक नवंबर से यात्री अपना रिजर्वेशन करवा सकेंगे। अभी यह सुविधा बस स्टेशन पर बनाए गए आरक्षण काउंटर से मिलेगी, लेकिन बाद में यात्री ऑनलाइन भी साधारण बसों का रिजर्वेशन करवा सकेंगे। इसके लिए सिविल लाइंस, जीरोरोड के साथ मिर्जापुर एवं प्रतापगढ़ बस स्टेशन पर एक काउंटर भी तैयार किया गया है। रोडवेज की वातानुकूलित (एसी) बसों में ही अभी ऑनलाइन आरक्षण की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन अब साधारण श्रेणी की बसों मे भी यात्री रिजर्वेशन करवा सकेंगे। साधारण बसों में यात्रा तिथि के 30 दिन पहले आरक्षण करवाने की सुविधा दी जाएगी। आरक्षण टिकट पर बस नंबर के साथ ही सीट नंबर और बस के रवाना होने व गंतव्य पर पहुंचे का समय भी अंकित होगा। आरक्षण के लिए मूल किराये के साथ 20 रुपये प्रति यात्री शुल्क एवं 18 फीसदी जीएसटी का भुगतान करना होगा। रोडवेज प्रयागराज परिक्षेत्र के



प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि अभी बस स्टेशन पर बनाए गए आरक्षण काउंटर से ही यात्री अपना रिजर्वेशन करवा सकेंगे। जल्द ही ऑनलाइन सुविधा भी यात्रियों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सिविल लाइंस, जीरोरोड बस स्टेशन के साथ मिर्जापुर और प्रतापगढ़ बस स्टेशन पर यात्रियों के लिए आरक्षण काउंटर मंगलवार से खुलेगा।

## कोआपरेटिव बैंक हेराफेरी में लोकभवन के सेक्शन आफिसर सहित पांच गिरफ्तार

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक से 146 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में साइबर क्राइम की पड़ताल में पांच लोगों की भूमिका सामने आई। साइबर क्राइम थाने की रिपोर्ट पर एसटीएफ ने लोकभवन में तैनात सेक्शन आफिसर रामराज और महमूदाबाद के सहायक बैंक मैनेजर कर्मवीर सिंह सहित पांच लोगों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। इन सभी की कोआपरेटिव बैंक से 146 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने की भूमिका पाई गई है। इस मामले में साइबर क्राइम थाने की टीम के साथ एसटीएफ ने भी पड़ताल शुरू कर दी है। दोनों संयुक्त टीमों ने आरोपियों से पूछताछ की है। जिसमें बैंक से जुड़े कुछ और नाम सामने आये हैं। जिनके बारे में दोनों टीम जानकारी जुटा रही हैं। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मो. मुस्लिम खां के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में लोकभवन में तैनात सेक्शन आफिसर रामराज, आशियाना निवासी सीतापुर महमूदाबाद में कोआपरेटिव बैंक के सहायक प्रबंधक कर्मवीर सिंह, शाहजहांपुर का ध्रुव कुमार श्रीवास्तव, बालागंज लखनऊ के आकाश कुमार श्रीवास्तव और रायबरेली रोड निवासी भूपेंद्र शामिल है। साइबर क्राइम टीम इनसे भी पूछताछ कर रही है। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि पांचों को पूर्व बैंक प्रबंधक आरएस दुबे ने गिरोह में जोड़ा था। आरएस दुबे और यह सभी लोगों ने करीब पांच महीने पहले ही बैंक से इतनी बड़ी रकम को उड़ाने




की साजिश रच चुके थे। इसके लिए गिरोह ने कई जगहों पर मीटिंग भी की थी। योजनाबद्ध तरीके से आरएस दुबे साइबर एक्सपर्ट दो से तीन युवकों के साथ बैंक में जाकर बैठता था। यह लोग घंटों बैठते थे बैंक में अपने लैपटाप लगाकर काम भी करते थे। इसी दौरान आरएस दुबे और गिरोह से जुड़े साइबर एक्सपर्ट व अन्य लोगों ने बैंक के दो कर्मचारियों की यूजर आइडी और पासवर्ड ले लिया। इसके बाद 146 करोड़ रुपये बिल्डर समेत आठ बैंक खातों में ट्रांसफर किए थे। समय रहते साइबर क्राइम थाने को मामले की जानकारी हुई। टीम ने सभी खाते फ्रीज करके रुपया बैंक खातों में फिर वापस मंगा लिया था। तीन पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार इस मामले में बीते दिनों साइबर क्राइम मुख्यालय के एसपी त्रिवेणी सिंह और उनकी टीम ने पूर्व बैंक प्रबंधक आरएस दुबे, बिल्डर के भाई व सोलर कंपनी के मालिक सुख सागर चौहान और साइबर एक्सपर्ट सतीश को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इंस्पेक्टर मुस्लिम खां के मुताबिक बैंक से रुपये निकालने के बाद सतीश दिल्ली भाग गया था। बैंक से दूसरे खातों में रुपये ट्रांसफर करने में सतीश ने कई लोगों की मदद भी ली। वह लखनऊ से लेकर दिल्ली तक कई लोगों के संपर्क में था। रुपये सतीश के कई करीबियों के खाते में भी पहुंचे थे।

## महिलाओं की प्रगति ही गावों की वास्तविक प्रगति –अनार बेन पटेल

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) हिंदुस्तान में रहने वाली महिलाओं की प्रगति ही गांवों की वास्तविक प्रगति मानी जा सकती है। महिलाओं को सपने बड़े बड़े देखना चाहिए ,उनकी पूर्ति के लिए गांवों के आदमियों को आगे आना चाहिए। गांव में भी महिलाओं तक कंप्यूटर की शिक्षा पहुंचनी चाहिए। उक्त विचार गांव छीतेपुर में जे पी सेवा ट्रस्ट द्वारा सेवाधाम में महिला उद्यम इकाई का शुभारंभ करते हुए अनार बेन पटेल अध्यक्ष ग्रामश्री और क्राफ्ट रुट अहमदाबाद गुजरात ने महिलाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि महिला अपने परिवार में बच्चों और सदस्यों के बारे में सोचती है लेकिन अपने बारे में कम ही सोंच पाती है। जब वह अपनी प्रगति की चिन्ता करेगी तभी उसको आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलनी शुरू होगी। इसलिए उनको आगे बढ़ने के सपने देखना चाहिए। विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भईया ने कहा कि सर्वोदय जगत से अनार बेन का काफी बड़ा रिश्ता है क्योंकि उनका विवाह एक ऐसे परिवार में हुआ जो भंगी कष्ट मुक्ति , हरिजन सेवा , सही मायने में स्वच्छता सेवा के लिए देश में जाना जाता था। राष्ट्र में जिनका एक बड़ा नाम इस क्षेत्र में माना जाता है जिन्हें देश टॉयलेट मैन के नाम से जानता है ऐसे पदमश्री ईश्वर भाई पटेल जी अध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई आयोग से बहुत कुछ सीखा। मानव साधना संस्था बनाकर प्रारंभ में सेवा शुरू की ।उनको निरंतर लग रहा था कि यह बच्चे क्यों नहीं पढ़ पा रहे क्योंकि इनके माता पिता की माली हालत अच्छी नहीं है ।इसलिए पहले उनकी हालत ठीक करने का काम शुरू किया जाए। और उन्होंने महिलाओं के हुनर को आगे बढ़ाने का संकल्प ले लिया। ग्रामश्री संस्था जो एक ऐसे व्यक्तित्व ने प्रारंभ की थी जिनका सपना प्रत्येक महिला के हांथ मजबूत करना था। ग्रामश्री संस्था की संस्थापक ने जब संस्था प्रारंभ की तो वे शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत थीं। उन्होंने गांव में बहनों की आवश्यकता को महसूस किया था। कि हमको बहनों को अधिकाधिक काम देने के बारे में सोचना चाहिए। जिससे अनार बेन को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली वह व्यक्तित्व और कोई






नहीं बल्कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल थीं। गांव में महिलाओं को आगे बढ़ाने के सपने को पूरा करने का दायित्व निभाया अनार बेन ने। जमना लाल बजाज पुरुस्कार से सम्मानित विमला बहन ने कहा कि शाहजहांपुर पधारी अनार जयेश पटेल भारत की एक ऐसी सुप्रसिद्ध प्रोत्साहन कर्ता के रूप में सामाजिक उद्यमिता को बढ़ाने वाली महिला के रूप में इसलिए जानी जाती हैं। अब उन्हें संपूर्ण देश अनार दीदी के नाम से पुकारने लगा है। उन्हें दुनिया में महिला सशक्तिकरण , कौशल विकास, मूल्य आधारित शिक्षा के लिए काम करने वाली है ।समाज में जरूरतमंद संप्रदाय के बच्चे विशेषकर जो ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं जहां विकास की पहुंच अभी काम हुई है। वहां तक सेवाओं को पहुंचना। अनार बेन पटेल भारतीय शिल्प की प्रखर प्रवक्ता हैं। राजभवन लखनऊ की गीता देसाई बहन ने कहा कि ग्रामीण भाई बहन काफी भोले होते हैं। उनके बीच में अपनी बात रखने का अंग एक सुंदर ढंग होना चाहिए ।वे बात को समझने की कोशिश करते हैं फिर उस पर विश्वास करके आगे बढ़ाते हैं ।आज उसी प्रकार से गांव की महिलाओं से मिलना हुआ । जो आगे चलकर अपना काम शुरू करेंगी। ग्राम छितेपुर के कार्यकम से पूर्व अनार बेन पटेल ने बरतारा गांव में बालिकाओं के लिए स्वाबलंबन हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज के डा अशोक अग्रवाल के सौजन्य से किया। उन्होंने विनोबा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान अहसान मोहम्मद ,सेठ अमरनाथ , कमला सिंह , दिव्या बहन , वीरा बहन , नन्हे लाल , ऋषिपाल पंडित शिवकुमार जी , अलीशेर आदि ने भाग लिया । कार्यक्रम का संचालन जागेश्वर दयाल अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम में सभी का धन्यवाद अनुराग श्रीवास्तव ने किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में बाल संवाद का कार्यक्रम संपन्न

जौनपुर सू.वि. : कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में दैनिक जागरण समाचार पत्र के द्वारा बाल संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा बच्चों के द्वारा पूछे गए



सवालों का जवाब दिया। कार्यक्रम में एके.एस एकेडमी मीरपुर देवकली एवं गोमती पब्लिक स्कूल छितौना के बच्चों ने हिस्सा लिया। जिलाधिकारी ने बच्चों के प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत लक्ष्य निर्धारण एवं एकाग्रता है। सर्वप्रथम एक लक्ष्य का निर्धारण करें उसके उपरांत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि जिस काम को करने में खुशी मिले वही काम करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आईएएस बनने के लिए जरूरी है कि कोचिंग जरूरी नही हैं। सभी बच्चे अभी से अखबार पढ़ना शुरू करें। सभी बच्चे अपने अंदर विज्ञान दृष्टिकोण रखें।

## यातायात जागरूकता के लिए निकाली गई रैली : कई विद्यालयों के बच्चों ने लिया हिस्सा

प्रयागराज ब्यूरो : यातायात जागरूकता के लिए प्रयागराज में रैली निकाली गई। इसमें कई विद्यालयों के हजारों बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। यातायात नियमों का पालन करने से संबंधित तख्तियां और नारे स्लोगन लिखे पंपलेट बैनर और तख्तियां लेकर बच्चे




नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली सुभाष चौराहे से निकलकर पत्थर गिरजाघर तक गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी और दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। साथ ही लोगों को नियमों का पालन करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। अधिकारियों ने कहा कि चौराहे पर लगे रेड लाइट का उल्लंघन कदापि न करें। इससे दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। तनिक जल्दी के लिए जान माल का नुकसान हो सकता है और अपंगता के शिकार हो सकते हैं। सड़क पर हमेशा अपने बाएं चलें और निर्धारित स्पीड में ही वाहन चलाएं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिए, यह साबुन का काम करती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# हिंदी और हिंदू

पिछले 2000 वर्षों का भारत हर भारतीय द्वारा बनाया गया था और हमारे सपनों का भारत हर भारतीय द्वारा बनाया जाएगा, चाहे उसकी आस्था कुछ भी हो। यही कारण है कि संविधान ने 'समानता' पर जोर दिया और 'धर्मनिरपेक्षता' पर स्पष्ट रूप से जोर देने के लिए संविधान में संशोधन किया गया, जो हमेशा गणतंत्र के दस्तावेज में निहित था।

नरेंद्र मोदी ने 11 अक्तूबर, 2022 को मध्य प्रदेश के उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में एक नए 900 मीटर गलियारे का उद्घाटन किया।

एक कला मर्मज्ञ का प्रदर्शन

मोदी एक धर्मपरायण हिंदू हैं। अधिकांश भारतीय धर्मपरायण हिंदू हैं। बहुत से वे लोग जो हिंदू नहीं है, वे भी समान रूप से एक अन्य धर्म के प्रति आस्थावान हैं। मोदी ने महाकालेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना की, और मैं जितने टीवी चौनल देख पाया, उन सबने एक–एक मिनट को निष्ठा के साथ प्रसारित किया। गर्भगृह में वह सुनहरा अंगवस्त्रम तथा भगवा गमछा धारण किए हुए थे। उनके माथे पर चंदन का लेप और एक बड़ा–सा तिलक था।

उन्होंने जब वहां मौजूद लोगों (मैं समझता हूं कि तकरीबन सारे हिंदू थे) को संबोधित किया था, तो स्वाभाविक है कि वह पूरी तरह से तैयार थे। उन्होंने पूरे देश भर में स्थित प्राचीन शहरों और उनके महान मंदिरों का स्मरण किया। उन्होंने संस्कृत में लिखे धार्मिक ग्रंथों से उद्धरण भी दिए। उन्होंने शिव भक्ति के बारे में विस्तार से कहा। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने इन पंक्तियों को याद कर रखा था या फिर वह इन्हें टेली–प्राम्पटर (टीवी कैमरों की नजरों से अलग) से पढ़ रहे थे। जो भी हो, यह एक प्रदर्शन था।

यह एक हिंदू उपदेशक का हिंदू श्रोताओं को दिया गया आध्यात्मिक प्रवचन था। मोदी ने कहा कि भारत एक आध्यात्मिक यात्रा पर है और 'हम भारत के आध्यात्मिक गौरव को बहाल कर रहे हैं।' उन्होंने अपने भाषण का समापन 'जय जय महाकाल' के मंत्र को कई बार दोहराते हुए किया और श्रोताओं ने पूरे उत्साह के साथ इसे दोहराया। संदेश स्पष्ट था। मोदी के इतिहास के पन्नों में भारत एक हिंदू भारत था और मोदी के सपनों का भारत एक हिंदू भारत होगा।

अधूरी तस्वीर

सब कुछ एकदम दुरुस्त लग रहा था। केवल एक असंगत बात यह थी कि नरेंद्र मोदी कोई निजी व्यक्ति नहीं हैं, वह भारत के सम्मानित प्रधानमंत्री हैं, –एक ऐसा देश जहां हिंदू (79.8 फीसदी), मुस्लिम (14.2 फीसदी), ईसाई (2.3 फीसदी), सिख (1.7 फीसदी) और अन्य (2.0 फीसदी) रहते हैं– और वह भारत के संविधान द्वारा भारत के सभी लोगों के लिए कार्य करने और बोलने के लिए बाध्य हैं।

पिछले 2000 वर्षों का भारत हर भारतीय द्वारा बनाया गया था और हमारे सपनों का भारत हर भारतीय द्वारा बनाया जाएगा, चाहे उसकी आस्था कुछ भी हो। यही कारण है कि संविधान ने 'समानता' पर जोर दिया और 'धर्मनिरपेक्षता' पर स्पष्ट रूप से जोर देने के लिए संविधान में संशोधन किया गया, जो हमेशा गणतंत्र के दस्तावेज में निहित था।

उज्जैन में उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री की मौजूदगी से मैं खुश हूं, लेकिन मैं प्रधानमंत्री को किसी मस्जिद या चर्च के जीर्णोद्धार/ प्रतिष्ठापन में भी देखना चाहूंगा। मैं खुश हूं कि प्रधानमंत्री ने हिंदुओं की आध्यात्मिक यात्रा के बारे में विस्तार से कहा, लेकिन चाहूंगा कि प्रधानमंत्री मुस्लिमों, ईसाइयों और अन्य लोगों की आध्यात्मिक यात्रा का भी उत्सव मनाएं।

मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने हिंदू धर्मग्रंथों का हवाला दिया, लेकिन मैं चाहूंगा कि प्रधानमंत्री कभी–कभी बाइबिल से एक अंश या कुरान से एक गंभीर कविता या गुरु ग्रंथ साहिब से एक भावपूर्ण भजन उद्धृत करें।

विवाद

प्रधानमंत्री जब हिंदू आस्था का उत्सव मना रहे थे, तब गृहमंत्री चुपके से हिंदी भाषा को आगे बढ़ा रहे थे। गृहमंत्री राजभाषा समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इसकी 11 वीं रिपोर्ट नौ सितंबर, 2022 को राष्ट्रपति को प्रस्तुत की गई और तब तक यह गुप्त ही रही, जब तक कि द प्रिंट ने इसकी सामग्री को लेकर खुलासा न किया। सामग्री निश्चित रूप से भारत के गैर–हिंदी भाषी राज्यों में हलचल पैदा करेगी।

जरा इसकी मुख्य सिफारिशों पर गौर कीजिए, जैसा कि द प्रिंट ने अपनी रिपोर्ट में बताया है :

केंद्रीय विद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनिवार्य रूप से हिंदी निर्देश का माध्यम होगी। प्रश्नः क्या गैर हिंदी भाषी राज्यों में स्थित केवी, आईआईटी, आईआईएम और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में भी हिंदी निर्देश का माध्यम होगी? हिंदी निर्देश का एकमात्र माध्यम होगी या निर्देश का एक वैकल्पिक माध्यम होगी?

सरकारी भर्तियों में परीक्षाओं की भाषा के रूप में हिंदी अंग्रेजी की जगह लेगी। प्रश्न : क्या हिंदी न जानने वालों को सरकारी भर्ती के लिए परीक्षा देने से रोक दिया जाएगा?

जान–बूझकर हिंदी में काम न करने वाले सरकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। प्रश्न : किसी अधिकारी की भाषा यदि बांग्ला या उड़िया या तमिल हो तो क्या उसे हिंदी सीखने और हिंदी में अपना सरकारी काम करने के लिए मजबूर किया जाएगा?

अंग्रेजी को निर्देश के माध्यम के रूप में केवल वहीं रखा जाएगा, जहां यह अत्यंत आवश्यक है और उसे धीरे–धीरे हिंदी द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। प्रश्न : क्या माता–पिता और विद्यार्थी को वह भाषा चुनने का अधिकार नहीं होगा, जिसमें वह पढ़ाई करना चाहेगा और जिसमें उसे पढ़ाया जाएगा?

सरकारी नौकरियों में कर्मचारियों के चयन के लिए हिंदी का ज्ञान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रश्न : क्या एक गैर–हिंदी भाषी व्यक्ति को इस आधार पर सरकारी नौकरी से मना कर दिया जाएगा कि वह हिंदी नहीं जानता है?

सरकार के विज्ञापन बजट का पचास फीसदी हिस्सा हिंदी विज्ञापनों के लिए आवंटन होना चाहिए। प्रश्न : यदि शेष 50 फीसदी अन्य सभी भाषाओं (अंग्रेजी सहित) में विज्ञापनों के लिए आवंटित किया जाता है, तो क्या यह गैर–हिंदी मीडिया के लुप्त होने की गति को तेज नहीं करेगा?

हिंदी के प्रचार–प्रसार को सभी राज्य सरकारों का सांविधानिक दायित्व बनाया जाना चाहिए। प्रश्न : क्या हिंदी का प्रचार करने से इनकार करने वाली राज्य सरकार को बर्खास्त कर दिया जाएगा?

अगर मैं असमी या मलयाली होता, तो मुझे लगता कि मैं आधा नागरिक हूं। और अगर मैं मुसलमान या ईसाई भी होता, तो मुझे लगता कि मैं गैर–नागरिक हूं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी का उद्घाटन संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सरदार पटेल एकीकरण के शिल्पी का आयोजन गोण्डा जं0 पर किया गया। उक्त प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुख्य अतिथि पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वोत्तर रेलवे के क्षेत्रीय प्रबन्धक मनीष कुमार ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक शिशु ओम दीक्षित ने करते हुए बताया कि सरदार पटेल ने देश के पहले उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री के रूप में देश को नई दिशा देने का कार्य किया। राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के प्रतीक पटेल जी शूरवीर थे। गोण्डा जं0 रेलवे स्टेशन पर सरदार पटेल की जीवनी से सम्बन्धित प्रदर्शनी आम जनता हेतु रेलवे द्वारा लगायी गयी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेड0आर0यू0सी0सी0 मेम्बर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की मजबूती के लिए 565 देशी रिसायतो को भारत में लाने का कार्य किया अन्याय एवं अत्याचार के विरूद्ध छात्र जीवन से ही आवाज उठाते रहे। भारतीय प्रशासनिक सेवा यआई0ए0एस0द्व के निर्माण में महती भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से स्टेशन अधीक्षक अनिल



कुमारए प्लेट फार्म निरीक्षक के0एल0 यादवए रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंहए मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक जितेन्द्र शर्माए कार्यालय अधीक्षक नायाब अलीए विनोद कुमार तथा सैकड़ों रेलवे कर्मचारियों एवं उपस्थित रेल यात्रियों ने सभी के साथ सरदार पटेल की जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की एवं सत्यनिष्ठा की शपथ लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय प्रबन्धक मनीष कुमार ने कहा कि पटेल जी को वारडोली सत्याग्रह के उपरान्त वहां के लोगों ने सरदार की उपाधि दी। गुजरात के नादयाड़ में जन्में सरदार पटेल ने 1917 में प्रथम नगर निगम का चुनाव अहमदाबाद में लड़ कर पूर्ण बहुमत प्राप्त किया। लौह पुरूष सरदार पटेल से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के पावन अवसर पर मंडल कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय में एकता दौड़ का आयोजन संपन्न

मृत्युन्जय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के पावन अवसर पर मंडल कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के नेतृत्व में मंडल प्रबंधक महोदय श्री मनोतोश बासू जी की अध्यक्षता में ''एकता दौड़ का आयोजन दिनांक 31–10–2022 को समय 09 :00 (सुबह) मंडल कार्यालय से नैमिष गेस्ट, हाउस तक समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के द्वारा सहभागिता की जा रही है। जिसमें भारतवर्ष की प्रगति एवं ऐतिहासिक दिवस पर पुरजोर कार्य करने हेतु अग्रणी भूमिका निभाई गयी। राष्ट्रीय एकता निमित कोरोना काल में भारतीय खाद्य निगम के द्वारा अनाज वितरण का कार्य भारतवर्ष में प्रत्येक घर में अन्न पहुचाया गया एवं क्षेत्रीय कार्यालय व विभिन्न प्रदेश से परिचालन, च्वै, डक्ड एवं मेडिकल सम्बन्धी चिकित्सा प्राधिकार पत्र अधिकारी, कर्मचारी व श्रमिक जन सुरक्षा का वेतन समयानुसार त्ज्ळै द्वारा भुगतान किया गया। टैक्सी , कुटीर उद्योग, ठेकेदार, स्टेशनरी आदि का समय पर भुगतान किया गया। जिसमें अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन बिना अपनी जान की परवाह किये समयानुसार रेलवे के वैगन खाली किये गए तथा समयानुसार भुगतान किया गया। सम्पूर्ण विश्व में भारत का वैक्सीन में प्रथम स्थान दर्ज हुआ तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा 'वसुधैव कुटुम्बकम्'' के आधार पर विभिन्न देशो को लोकतंत्र के हित को ध्यान में रख कर वैक्सीन पहुंचाई गयी । भारतवर्ष के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी की जो भी







योजनाएं आयी उनका क्रियान्वयन माननीय रजत शर्मा जी, महाप्रबंधक (क्षेत्र), मा.खा.नि. उत्तर प्रदेश, क्षेत्रीय कार्यालय, गोमती नगर, लखनऊ के नेतृत्व में अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा कार्यान्वित कराया गया। एकता दौड़ में निम्न लोग मनोतोश बासू, रेहान किदवई, अश्विनी पाण्डेय, गौरव शाक्यवर, एमएम खान सुरेन्द्र त्रिपाठी, अनुज सिंह, गौरव श्रीवास्तव, शशि चौधरी, सौम्या गुप्ता, श्वेता यादव, अम्बुज शुक्ला, शिवम्, विकास, देवेन्द्र व आदि उपस्थित हुए। भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ से एकता दौड़ में आलोक रूपालिया, हनुमंत सचान, गौरव बिसेन, रितुराज, शशांक तथा विश्वनाथ इत्यादि अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## बादल चोपड़ा ने अपने हजारों समर्थकों के साथ सम्मिलित होकर योगी जी की अपील को प्रदान किया अपना समर्थन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जनपद लखीमपुर खीरी की 8 विधानसभाओं में से गोला विधानसभा में आगामी 3 नवंबर को उपचुनाव है। इस उपचुनाव का कारण विधायक अरविंद गिरी जी की आकस्मिक मृत्यु रही। भारतीय जनता पार्टी द्वारा उनके पुत्र अमन गिरी जी को इस सीट से उतारा गया है। सुबे के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी द्वारा एक विशाल जनसभा में अमन गिरी जी को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की गई। इस विशाल जनसभा में उत्तर प्रदेश कोचिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष बादल चोपड़ा अपने हजारों समर्थकों के साथ सम्मिलित होकर योगी जी की अपील को अपना समर्थन प्रदान किया।

## तीन हजार एडवांस देकर लाखों की ज्वेलरी उड़ा ले गया चोर : चकराया दुकानदार का सिर!

वाराणसी ब्यूरो : जैतपुरा थाना क्षेत्र के औसानगंज इलाके में आभूषण की दुकान से उचक्का ज्वेलरी खरीदने के नाम पर दुकानदार को चकमा देकर करीब दो लाख का सोना लेकर चंपत हो गया। दुकानदार को जब घटना की जानकारी हुई तो उसने पुलिस को सूचित किया। उचक्कागिरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस फुटेज कब्जे में लेकर उचक्कों की तलाश कर रही है। औसानगंज निवासी निरजानंद उर्फ जग्गू सेठ की कोहिनूर ज्वेलर्स नाम से दुकान है। जग्गू के मुताबिक दोपहर दो बजे के करीब स्कूटी सवार दो लोग दुकान के सामने आकर रुके। उनमें से एक व्यक्ति दुकान में आया और कहा कि वह जैन धर्म का अनुयायी है। उसे अपने गुरुजी के लिए अंगूठी लेनी है। अंगूठी ऐसी होनी चाहिए जो किसी ग्राहक ने छुई न हो। दुकानदार ने उचक्के को एक डिब्बे में रखी हुई कुछ अंगूठी दिखाईं। जग्गू को उचक्के ने लगभग तीन हजार रुपए एडवांस दिया और कुछ अंगूठियों को अलग रखने के लिए बोला। उसने कहा कि वह अपने गुरुजी के साथ कुछ देर में आकर अंगूठी पसंद कर ले जायेगा। सराफा को अपनी बातों में उलझा कर उचक्के ने करीब 43 ग्राम सोने के जेवर का डिब्बा उठा कर अपनी




जेब में रख कर दुकान से निकल गया। उसके जाने के बाद जब जग्गू सेठ ने आभूषणों का मिलान किया तो उन्हें अपने साथ हुई घटना की जानकारी हुई। इंस्पेक्टर जैतपुरा मथुरा राय ने बताया कि दुकानदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर स्कूटी सवार दोनों उचक्कों की तलाश की जा रही है।

## एस. के. डी. ग्रुप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का चहुँमुखी विकास –एसकेडी सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शिक्षा क्षेत्र में जाना माना व्यक्तित्व यूपी रत्न अवार्ड से सम्मानित एस. के. डी. ग्रुप के कर्मशील, सहज व्यक्तित्व वाले संस्थापक श्री एस. के. डी. सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी सोच एवं दिशा के साथ शिक्षा के प्रसार के लिए 1984 में न्यू स्टैण्डर्ड कोचिंग की स्थापना की तब से अब तक हजारों डाक्टर न सिर्फ देश में, बल्कि विदेशों में भी अपनी सेवा दे रहे है। एस. के. डी. एकेडमी का उदय शिक्षा के प्रति अनन्त समर्पण के कारण श्री एस. के. डी. सिंह जी ने वर्ष 1997 में एस. के. डी. ग्रुप के कर्मठ एवं दूरदर्शी संस्थापक निदेशक श्री मनीष सिंह के सहयोग से स्थापना की एस. के. डी. ग्रुप ने अपनी पाँच शाखाओं (यूपी / आईएससी / सीबीएसई ) के साथ शिक्षा क्षेत्र में वट वृक्ष का रूप ले लिया हैं। जिसमें अनगिनत छात्र छात्राएं शिक्षा उपरान्त समाज एवं राष्ट्र में अपनी सेवाएं दे रहे है। एस. के. डी. एकेडमी के छात्रों ने प्रतिवर्ष मैरिट लिस्ट में आकर विद्यालय का परचम लहराया है। विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए कई प्रकार के एक्टिविटी करवाई जाती है तथा एनटीएसई, ओलंपियाड, नीट / जेईई फाउंडेशन आदि की भी तैयारी कराई जाती है। राजाजीपुरम में इण्टर कालेज की वर्ष 1997 में उ0प्र0 के पूर्व मुख्यमंत्री स्व० श्री कल्याण सिंह जी एस. के. डी. एकेडमी के प्रथम शाखा (यू०पी०बोर्ड) के उद्घाटन समारोह के अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में पदार्पण एस.के. डी. गुप द्वारा वर्ष 2009 में क्लीनिकल डायरेक्टर डा. आशीष सिंह के दिशा निर्देश में एस. के. डी. हास्पिटल की स्थापना की। जिसका मुख्य उद्देश्य जनसेवा के साथ प्रत्येक व्यक्ति को उचित उपचार की व्यवस्था कराना है। एस. के. डी. हास्पिटल एक ही छत के नीचे कई विभाग जसे मेडिसिन, हड्डी रोग, डायलिसिस, स्त्रीरोग, नेफ्रोलोजी, बाल रोग आदि के द्वारा रोगियों का इलाज कर रहे है तथा अपने मरीजों के बीच अपनी विश्वसनीयता लगातार बनाए हुए है। एस. के. डी. हास्पिटल आज जाने–माने चिकित्सालयों में एक है। उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2013 में एस. के. डी. ग्रुप ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा। ग्रुप ने लखनऊ विश्वविद्यालय से मान्यता लेकर श्री कृष्ण दत्त डिग्री कालेज की स्थापना की। जिसमें बी. काम. बी.एससी. , बी. एफ. ए., बी. जे.एम.सी., बी.एड., डी.ईएल.एड (बीटीसी) की शिक्षा दी जाती है। इसी के साथ यूपीआरटीओयू के सहयोग से विभिन्न पाठ्यक्रमों में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से डिग्री, डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्सेज का भी प्रावधान है। उच्च शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ही विद्यार्थी को शिक्षा के तुरन्त बाद रोजगार प्राप्त हो सके, इस कारण विद्यालय में ही कैंपस प्लेसमेंट की व्यवस्था की जाती है, जिससे छात्रों को रोजगार को लिए इधर–उधर न भटकना पड़े।



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध एस. के. डी. ग्रुप शिक्षा में निरन्तर हो रहे बदलावों व विश्व समुदाय की जरूरतों को देखते हुए एक आधुनिक तकनीक से परिपूर्ण एस. के. डी. ग्रुप भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण होने के साथ–साथ विश्व समुदाय की आधुनिक जरूरतों को पूरा करता है। यह लखनऊ में शिक्षा के क्षेत्र में एक मात्र संस्थान है जिसमें छात्रों के अन्दर छुपी हुई प्रतिभाओं को निखार कर उनका शैक्षणिक विकास भारतीय परम्पराओं के अर्न्तगत होता है। एस.के. डी. ग्रुप का लक्ष्य शिक्षा एस.के. डी. ग्रुप का लक्ष्य समाज के बौद्धिक विकास का उन्नयन करना है साथ ही साथ ये ग्रुप समुदाय को शिक्षा, चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सम्बंधी सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सफल रहा है। इस ग्रुप ने असंख्य युवक बेरोजगारो को भी नई दिशा दी है। आत्मनिर्भरता की ओर कदम एस. के. डी. ग्रुप शिक्षा के साथ–साथ एनएसडीसी के सहयोग से स्किल इंडिया प्रोजेक्ट द्वारा छात्र छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। जिसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा से वंचित बच्चों को रोजगारपरक सर्टिफिकेट कोर्सेज का प्रावधान है। समाज एवं राष्ट्र के प्रति भागीदारी एस. के. डी. ग्रुप ने शिक्षा के साथ–साथ बच्चों को सरकारों की धरोहर से भी युक्त किया है। पर्यावरण संरक्षण में भी एस. के. डी. ग्रुप हमेशा से सक्रिय रहा है और पेड़ लगाओ धरती बचाओं की उक्ति को चरितार्थ करता है। पिछले 10 वर्षों से प्रतिवर्ष लगातार 10000 वृक्षारोपण करा कर कोरोना काल में भी संस्था ने अपने छात्रों, अभिभावकों, कर्मचारियों के साथ साथ सभी को यथा सम्भव मदद की एस. के. डी. ग्रुप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का चहुँमुखी विकास जिसमें अध्ययन के साथ साथ राष्ट्र प्रगति एवं समाज के प्रति कर्तव्यों की भी शिक्षा दी जाती हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष में दान करते हुए रोजगार परक शिक्षा से उज्जवल बनता छात्रों का भविष्य एक लंबे समय तक संस्थान की गरिमा और प्रतिष्ठा को लगातार बढ़ाते जाने का नाम है। एस. के. डी. यह ग्रुप है, जो लखनऊ में एक मिसाल है। कितनी ही चुनौतियों का सामना करते हुए, कई कठिनाईयों को पार करते हुए और समस्त समस्याओं का समाधान करते हुए एक प्रीमियर संस्थान की श्रेणी में आना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस संस्थान की विशेषता को देखें तो यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शिक्षा से वंचित छात्रों के लिए यह संस्थान एक बहुत बड़ा सहारा है। आज यह ग्रुप बेहतर शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है–राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य ही शिक्षा और सीखने पर ध्यान केंद्रित करना और "भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति" बनाना है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मंगलवार को बदलापुर महोत्सव में शामिल होने जाते समय जौनपुर में डाक बंगले में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य 2040 तक एक कुशल शिक्षा प्रणाली बनाना है, जिसमें सभी शिक्षार्थियों की सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक समान पहुंच हो। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य एक नई प्रणाली का निर्माण करना है जो भारत की परंपराओं और मूल्य को अपने अंदर समाहित करते हुए विश्वगुरु बनने का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा कि भारत का पुनः गौरव स्थापित करने के लिए नई शिक्षा नीति में भारत के सांस्कृतिक इतिहास, वैज्ञानिक उनवेष (नवाचार) इत्यादि आयामों पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन ही अधूरा रहता है। उन्होंने कहा कि आज के तकनीक के युग में तकनीक आधारित पूंजी का निर्माण होता है, आज जिसके पास तकनीक है वही पूंजीपति है। नई शिक्षा नीति जन–जन को तकनीकी ज्ञान एवं अपने संस्कृति का ज्ञान देने के लिए लाई गई है। उन्होंने गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर के द्वारा कही गई बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को सच्ची स्वतंत्रता तभी प्राप्त होगी, जब भारत की बुनियाद पूर्ण रूप से शिक्षा पर आधारित हो जाए। उन्होंने कहा कि भारत ज्ञान, शिक्षा और प्रज्ञा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि हमें सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी



है। स्वामी रंगनाथन के द्वारा कही गई बातों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा था कि लोग कहते हैं कि जिसके पास सरस्वती रहती हैं वहां लक्ष्मी नहीं जाती मगर रंगनाथन ने कहा कि यह बात बिल्कुल गलत है जहां सरस्वती रहेगी वहां लक्ष्मी जी अपने आप आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि अगर शिक्षित व्यक्ति अपनी शिक्षा का उपयोग किसी को शिक्षित करने में नहीं करता है तो उसे अगर गद्दार की संज्ञा दी जाए तो गलत नहीं होगा।इससे पूर्व डाक बंगले पहुंचने पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को गार्ड आफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं महाराष्ट्र प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह , जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता (पैनलिस्ट) ओम प्रकाश सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक लोगों ने बुके देकर और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस व सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के अवसर पर के परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर डायट जौनपुर के परिसर में प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ० सच्चिदानंद यादव जी के अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव जी, वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह जी, एवं प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रविंद्र नाथ यादव जी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर, श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । कार्यक्रम में डाइट के प्रशिक्षुओं ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जीवन पर आधारित भाषण ,गायन एवं नाटक प्रदर्शित कर सबका मन मोह लिया। प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रविंद्र नाथ यादव जी ने बताया कि हम सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन से अगर एक भी आदत को अपने जीवन में शामिल कर ले तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष सिंह जी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के प्रेरणादायक जीवन



का वर्णन किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ सच्चिदानंद यादव जी ने बच्चों को स्वरचित प्रेरित गीतों, कविताओं एवं रचनाओं के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चरित्र, व्यक्तित्व के बारे में बताया। आपने बताया कि हमें अपने अंदर के रावण को मारने की जरूरत है अंधेरा अपने आप मिट जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता धर्मेन्द्र कुमार शर्मा जी ने किया। इस अवसर पर समस्त अधिकारियों के साथ, समस्त प्रवक्ता गण, समस्त कर्मचारी, ह्यूमाना के साथी एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जंयती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जंयती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को नादिद ग्राम में हुआ था उनके पिता झवेरभाई पटेल एक साधारण किसान माता लाडबाई एक साधारण महिला थी बचपन से ही पटेल कड़ी मेहनत करते आए थें पटेल अपने पिता की सहायता करते थे और पेटलाद की एन.के. हाईस्कूल में पढतें थे उन्होंने 1896 में अपनी हाईस्कूल परीक्षा पास की स्कूल के दिनों से ही वे हुशार और विद्वान थे घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उनके पिता ने उन्हें कालेज भेजने का निर्णय लिया था लेकिन वल्लभभाई ने कालेज जाने से इनकार कर दिया और घर पर ही रहकर अपनी कड़ी मेहनत से बैरिस्टर की उपाधि संपादन करली और साथ में देश सेवा में कार्य करने लगे वल्लभभाई पटेल देश के गृह मंत्री के रूप में पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं आईसीएस का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं आईएएस



बनाया सरदार वल्लभभाई पटेल देश के आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है उनके मरणोपरांत वर्ष 1991 भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था यह अवार्ड उनके पौत्र विपिन भाई पटेल द्वारा स्वीकार किया गया सरदार पटेल के सम्मान में अहमदाबाद हवाई अड्डा का नामकरण सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा गया जंयती समारोह में मुख्य रूप से विधायक रागिनी सोनकर, श्याम बहादुर पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, रमापति यादव, श्याम नरायन बिन्द, राजकुमार बिन्द,गप्पू मौर्या,आंनद मिश्रा, दीपक जायसवाल अनवारुल हक गुड्डू आरीफ हबीब,कमालुद्दीन अंसारी गुड्डू सोनकर भानुप्रताप मौर्या विनोद मास्टर अलमाश सभासद शेखू खाँ, महावीर यादव कौशल यादव,डां शबनम नाज,रमाशंकर यादव आदि संचालन जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

## नाबालिग के साथ गलत काम का प्रयास : पीआरवी ने आरोपी को धरा : थाने को किया सुपुर्द

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : घटना का विवरण दृ पीआरवी 2334 को दिनांक 31/10/2022 को समय 02:42 बजे इवेंट 0738 पर थाना मुंगराबादशाहपुर अंतर्गत ग्राम विजादरमऊ से कॉलर ने सूचना दी कि दूसरे गाँव के सचिन कुमार यादव घर में गलत काम करने के उद्देश्य से कूद गए हैं, बहन (उम्र लगभग 17 वर्ष ) के साथ गलत काम करने की कोशिश की है । उक्त सूचना पर पीआरवी तत्काल कॉलर के द्वारा बताये हुये पते पर पहुँच कर जानकारी की तो ज्ञात हुआ कि कॉलर की बहन घर पर सो रही थी, तभी उसके घर में सटरिंग का काम करने वाला लड़का सचिन कुमार यादव (उम्र लगभग 24 वर्ष) उसकी बहन के पास आकर लेट गया, जब बहन को पता चला तो वह जोर–जोर से चिल्लाने लगी जिस कारण से विपक्षी मौके से भाग गया । पीआरवी कर्मियों व कॉलर की मदद से विपक्षी को ढूँढ लिया गया । उक्त घटना की जानकारी SHO महोदय मुँगराबादशाहपुर सर को दी गयी । महोदय के आदेशानुसार विपक्षी को थाना कार्यालय लाकर अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया।

# सरदार पटेल के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता –कुलसचिव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में ''रन फॉर यूनिटी'' का आयोजन हुआ। इसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र–छात्राएं, एनएसएस एवं रोवर्सर्ध्रेंजर्स के स्वयंसेवकों ने भाग लिया. कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य की प्रेरणा से कुलसचिव महेंद्र कुमार एवं वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारम्भ किया. इस अवसर पर जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई। सरस्वती सदन में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. ''रन फॉर यूनिटी'' विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से एकलव्य स्टेडियम होते हुए वापस मुख्य द्वार पहुंची। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा सरदार पटेल स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत का निर्माण किया था. उनके योगदान को नहीं भुलाया जा सकता।



वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव ने कहा कि सरदार पटेल का व्यक्तित्व हम सभी के लिए आज भी अनुकरणीय है। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह,एआर अजीत सिंह, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. वी. डी. शर्मा, प्रो अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. सुरजीत यादव, डॉ राजकुमार, रोवर्सर्ध्रेंजर्स प्रभारी डॉ. जगदेव, डॉ. रसिकेश, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अवधा बिहारी सिंह, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. अमित वत्स, डा.प्रमोद कुमार, डा. गिरधर मिश्र, डॉ पुनीत धवन, डॉ विनय वर्मा, श्याम त्रिपाठी, राजेश सिंह, श्रीनाथ यादव समेत तमाम शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे.।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत : परिजनों के साथ अर्घ्य देने पहुंचा था घाट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के बछुआर गांव में सोमवार की सुबह तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार बछुआर गांव निवासी नन्हे हरिजन का पुत्र मान सिंह 17वर्ष की छठ घाट पर नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। मान सिंह परिजनों के साथ छठ पूजा में उगते सूर्य को अरग देने के लिए परिवार के साथ तालाब पर गया था इस दौरान तालाब में नहाते समय डूब गया कुछ देर बाद मानसिंह का पता न लगने से लोगों ने उसे ढूंढना शुरू किया तालाब में मान सिंह को देखते ही परिजनों और मौजूद लोगो ने आनन–फानन में तालाब से बाहर निकाला और उपचार हेतु स्थानीय पीएससी ले गए जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मान सिंह सिंगरामऊ इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट का छात्र का था। युवक के निधन को लेकर गांव में मातम फैला है युवक की मौत से परिजनों का रो– रो कर बुरा हाल है।

## 6 माह से बंद मकान मे लाखो की चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सराय देवा गाँव मे 6 माह से बंद पडे मकान से चोरो ने लाखो रुपये का सामान बर्तन आनाज चुरा लिया जानकारी मिलने पर पुलिस मामले की जांच मे जुट गयी है। सराय देवा गाँव मे स्व सूबेदार सिह की पुत्री अपने परिवार सहित रहती है पिछले 6 माह से वह अपने ससुराल रामपुर के कटौना गाँव गई थी मकान बंद था सोमवार को ससुराल से जब वह अपने मायके बंद पडे मकान मे आयी तो मकान का ताला टूटा देख होश उड गया उन्होने देखा की चोरो ने पूरा मकान साफ कर दिया। चोरो बाऊण्डी के अंदर घूस कर मकान के अंदर घूस कर पूरा माल निकाल लिया इसकी भनक पडोसियो को भी नही लग पायी। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी तो मौके पर डायल 112 पुलिस मौके पर आ गयी सूचना मिलने पर मीरगंज पुलिस भी मौके पर पहुच गयी। बीना सिह ने बताया की उनका इन्वर्टर बैटरी स्टेपलाइजर थार परात 50 किलो अरहर 50 किलो सरसो उठा ले गये। उन्होंने पुलिस को लिखित सूचना दी है। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता ने बताया की 6 महिने से मकान बंद था चोरी की सूचना मिली है पुलिस मामले की जांच मे जुट गयी है।

## चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ने दुकानदार से की पूछ ताछ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के हनुआडीह मोड़ के पास 29 अक्टूबर की रात दो लोगो की दुकान में चोरी की खबर सुनते ही क्षेत्रीय विधायक तुफानी सरोज ने मौके पर पहुंच कर चोरी का हाल जाना और फोन से सीओ केराकत व गौराबादशाहपुर थानाध्यक्ष से बात किए और उन्होने कहा कि यह क्षेत्र चोरो का अड्डा बन गया है विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में हर महीने बड़ी बड़ी चोरियां हो रही है सितम्बर महीने में रामपुर बाजार में दो लोगो के दुकान में चोरी हुई लाखो का सामान चोर उठा ले जा रहे है ऐसी कई बड़ी चोरियां हुई एक भी चोरी का अभी तक खुलासा नहीं हुआ सीओ केराकत और गौराबादशाहपुर थानाध्यक्ष ने विधायक को अस्वासन दिया कि 24 घंटे के अन्दर चोरी का खुलासा और माल भी बरामद हो जायेगा।

## मस्तिष्क जवर से विवाहिता की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीरी समसुददीनपुर गांव में पखवाड़ा पूर्व तेज बुखार,सिर दर्द और उल्टी से पीड़ित चल रही विवाहिता ने सोमवार को जिले के आशादीप अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। स्वजन शव घर लाकर सुपुर्देखाक कर दिए। गांव निवासी 42 वर्षीय रहीसुन पत्नी सब्बीर को तेज बुखार होने पर उपचार के लिए ले जाया गया था। चिकित्सक ने स्वजनों को बताया कि उसकी मौत मस्तिष्क ज्वर से हूई है।

## गोमती नगर विनीत खंड 2 में छठ पूजा सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर विनीत खंड 2 में छठ पूजा का आयोजन किया गया जिसमें राज्यसभा सांसद एवं पूर्व डीजीपी



बृजलाल उनकी धर्मपत्नी सरोज प्रसाद, आयोजक मनोज मिश्रा और नंदिनी कार्यक्रम के संयोजक आरएमडी की प्रदेश प्रवक्ता प्रतिभा शाही, आरएमडी की संस्थापक विनीता श्रीवास्तव, उषा गोस्वामी रहे।

## डॉ राजीव लोचन शुक्ला ने सिद्ध पीठ गौशाला इटावा में गौ माता का किया पूजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला ने



सिद्ध पीठ गौशाला टैक्सी टेंपल इटावा में पहुंचकर गौ माता का पूजन कर आशीर्वाद लिया तथा गौशाला के गुरुजी शंभू नाथ महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया उनके साथ विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष देवर्षी द्विवेदी ने भी गौ माता की पूजा की तथा महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## आज का भारत सरदार पटेल की देन –प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस के अंतर्गत सोमवार को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के डॉक्टर शंतेश कुमार सिंह ने कहा कि सरदार पटेल का आजादी के आंदोलन में एवं आजादी के बाद रियासतों के भारत में विलय को लेकर किए गए प्रयास उन्हें लौह पुरुष बनाते हैं। आजादी के दौरान उन्होंने 1918 में खोडा एवं 1928 में बरनौली सत्याग्रह में किसान आंदोलन का सफल नेतृत्व किया उन्होंने 562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय करा कर अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशिष्ट वक्ता के रूप में चिल्ड्रन विश्वविद्यालय गांधीनगर के डॉ रौनक कुमार परमार ने कहा कि सरदार पटेल के जीवन के आरंभिक काल से ही उनमें नेतृत्व क्षमता के गुण विकसित थे। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्होंने किसानों को संगठित कर बारदोली सत्याग्रह को सफल बनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने आशीर्वचन में कहा कि सरदार पटेल की दृढ़ निश्चय क्षमता के कारण हम जैसा भारत आज देख रहे हैं इसकी कल्पना भी नहीं कर पाते। भारत को अखंड बनाने में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने और




आभार आईक्यूएसी सेल के समन्वयक प्रो.. मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो रामनारायण, प्रो. बीडी शर्मा, एनएसएस समन्वयक प्रो. राकेश यादव, डा. जगदेव, डा.मनोज मिश्र, डॉ जानह्वी श्रीवास्तव, डॉ प्रमोद कुमार यादव,डा. नीतेश जायसवाल, डॉक्टर धीरेंद्र चौधरी डॉ आशुतोष कुमार सिंह डॉ. रसिकेश, डॉ सुनील कुमार, डा. वनिता समेत कई शिक्षक उपस्थित थे

## आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता –डॉ. राजेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर प्रतियोगिता करायी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश कुमार सिंह (राजा हरपाल सिंह पीजी कॉलेज सिंगरामऊ जौनपुर) ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल का उल्लेखनीय योगदान रहा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शंभूराम ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अखिलेश्वर शुक्ला जी ने सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ संतोष कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ विजय तिवारी,



डॉ श्याम सुंदर उपाध्याय, डॉक्टर चंद्राबुज कश्यप, डॉ मधु पाठक,स्वयं यादव, सत्यम सुंदरम मौर्य, बृजमोहन गुप्ता, आफताब, नित्या गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## यातायात जागरूकता माह का अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने किया शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात माह जागरुकता अभियान का शुभारम्भ किया गया, जिसमें यातायात पुलिस जौनपुर द्वारा यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करनें के लिए नेहरु बालोद्यान सिनियर सेकेन्डरी स्कूल के बच्चे व प्रधानाचार्य सी0डी0 सिंह, डॉ0 राम मनोहर लोहिया इण्टर कालेज के बच्चे व प्रधानाचार्य ज्योती प्रकाश सिंह, जनक कुमारी इण्टर कालेज के बच्चे व प्रधानाचार्य जंगबहादुर सिंह व बी0आर0पी0 इण्टर कालेज के बच्चें व प्रधानाचार्य सुभाष सिंह, व पुलिस के जवानों द्वारा जागरुकता रैली निकाली गयी । जिस क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायातध्नगर कुलदीप कुमार गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक अनुपम सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एस0 पी0 सिंह, परिवहन आर0ई0 अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला, उप निरीक्षक यातायात शिवबदन यादव व समस्त उप निरीक्षक यातायात जौनपुर के द्वारा स्कूल के बच्चों को सोशल डिस्टेशिंग से बैठाकर यातायात नियमों के विषय में सम्बोधित किया गया अंत में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 संजय कुमार द्वारा यातायात नियमों के जागरुकता के विषय में विस्तृत उद्दबोधन करते हुए हेलमेट सिटबेल्ट लगा करके वाहन चलाने व मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना व हाई स्पीड वाहन न चलाना तथा उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करनें पर बल दिया गया, तथा उक्त



कार्यक्रम में प्रोजेक्टर द्वारा विडियो दिखाकर व यातायात जागरुकता हेतु पम्पलेट का वितरण कर जागरुक किया गया । तत्पश्चात हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया गया, जागरूकता रैली के दौरान आम जनता के लोगों को यातायात नियमों से सम्बन्धित पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित किये गये, सार्वजनिक स्थानों पर बैनर पोस्टर लगवाते हुये वाहनों पर स्टिकर चिपकाये गये तथा पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित किये गये, मुख्य मार्गों तथा सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी । तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक करते हुए पुलिस लाईन मुख्य द्वार से, वाजिदपुर तिराहा से, जेसीज चौराहा से, रोडवेज से टी0डी0 कालेज उत्तरी गेट होते हुए अनुपम गली से मुड़कर पुनः वापस पुलिस लाईन लायी गयी।

## चौदह कोसी परिक्रमा में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क लगेगा चिकित्सा शिविर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या में आयोजित हो रही चौदह कोसी परिक्रमा में देश के कोने कोने से श्रद्धालु शामिल होते हैं । इन श्रद्धालुओं के लिए अखिल भारत हिन्दू महासभा पिछले 33 वर्षों से निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर श्रद्धालुओं की सेवा करती आ रही है । इस वर्ष भी हिन्दू महासभा अपनी सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से 34 वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर ककरही बाजार में आयोजित करने जा रही है । हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने बताया कि शिविर में श्रद्धालुओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी और अस्वस्थ श्रद्धालुओं को निःशुल्क दवा और चिकित्सीय सेवा प्रदान की जाएगी । निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के अतिरिक्त शिविर में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क जलपान की व्यवस्था भी की जाएगी । प्रदेश मंत्री राकेश दत्त मिश्र के अनुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा हॉस्पिटल मछली मंडी नियांवा के संचालक डॉक्टर राजेश वर्मा और उनके अस्पताल के चिकित्सकों की टीम शिविर में अपनी निःशुल्क सेवाए प्रदान करेगी । हिन्दू महासभा के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने प्रदेश, जिला एवं महानगर के सभी पदाधिकारियों से चौदह कोसी परिक्रमा यात्रा में लगने वाले सेवा कैंप में सेवा भाव से जुड़ने का आह्वान किया ।

## परिक्रमा–कार्तिक पूर्णिमा मेला कुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु कंट्रोल रूम की हुई स्थापना–डीएम

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि परिक्रमाध कार्तिक पूर्णिमा मेला कोसा कुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं सुगमता पूर्वक उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत मेला कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कन्ट्रोल रूम में 04 पी0एन0टी0 नंबर 05278–232043, 232044, 232046, 232047 एवं 01 मोबाइल नंबर 9120989195 की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ है परिक्रमा के दौरान 20 पूर्व चिन्हित स्थानों पर विश्राम स्थल बनवाया जाता है जहॉ पर श्रद्धालुओं के पीने हेतु वाटर टैंकर लगाया जाता है तथा कतिपय स्थलों पर मोबाइल ट्वायलेट लगाया जाता रहा है। उन्होंने विश्राम स्थलों की जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान गुफा, मौनी बाबा, हलकारा का पुरवा,तिवारी का पुरवा,बैतरनी, कुढ़ा केशवपुर, दर्शन नगर, सूर्यकुण्ड, आचारी का सगरा, फतेहपुर, मिर्जापुर, भीखापुर, जनौरा, नाका हनुमानगढ़ी, हनुमानगढ़ी सहादतगंज, जमथरा, निर्मली कुण्ड, अफीमकोठी, चक्रतीर्थ तथा ब्रह्मकुण्ड गुरूद्वारा कुल 20 विश्राम स्थलों की स्थापना की गई है। उन्होंने आगे बताया कि 05 स्थानों पर खोया पाया कैम्प यथा–बन्धा तिराहा, तुलसी उद्यान, हनुमानगढ़ी, कोतवाली अयोध्या तथा सरयू आरती स्थल पर खोया–पाया कैम्प स्थापित कराया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि आने वाले श्रद्धालुओं की चिकित्सा व्यवस्था हेतु जिला चिकित्सालय में 20, श्रीराम चिकित्सालय में 10 एवं राजर्षि दशरथ चिकित्सालय (मण्डलीय चिकित्सालय–10) बेड आरक्षित कराया गया है। इसी के साथ ही 10 स्थानों पर एंबुलेंस यथा 1.बन्धा तिराहा, 2. हनुमानगुफा, 3. हलकारा का पुरवा, 4. दर्शन नगर, 5. जनौरा, 6. सहादतगंज, 7. गुप्तार घाट, 8. चक्रतीर्थ, 9. ऋणमोचन घाट, 10.कन्ट्रोल रूम अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया अस्थायी उपचार केन्द्र की व्यवस्था के अन्तर्गत 16 स्थानों पर की गयी हैः–1. कन्ट्रोल रूम अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय, 2.हनुमानगुफा, 3.मौनी बाबा, 4.हलकारा का पुरवा, 5.दर्शन नगर, 6.आचारी सगरा, 7. मिर्जापुर, 8.जनौरा, 9. सहादतगंज हनुमानगढ़ी, 10गुप्तार घाट, 11. जमथरा, 12. अफीम कोठी, 13. अमानीगंज अशोका द्विवेदी के घर के सामने, 14. चक्रतीर्थ, 15.कौशिल्या घाट, 16.ऋणमोचन घाट, 17.पक्का घाट (08 बेड का अस्थाची चिकित्सालय) जिलाधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की मदद हेतु ''मे आई हेल्प यू बूथ'' की स्थापना 1. कनक भवन, 2.राम की पैड़ी, 3. हनुमानगढ़ी, 4.बन्धा तिराहा/लता मंगेशकर चौराहा, 5. अयोध्या रेलवे स्टेशन तथा 6. तुलसी उद्यान की स्थापना की गयी है। रेलवे स्टेशन की क्रासिंगों पर पी0 एम0 सिस्टम की स्थापना कराते हुए बैरियर लगाते हुए मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगायी गयी है। जिलाधिकारी ने बताया कि चौदह कोसी को 05 जोन, पंचकोसी को 03 जोन तथा कार्तिक पूर्णिमा 06 जोन में बांटा गया है। जिस में पर्याप्त संख्या में जोनल, सेक्टर, सब सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जिलाधिकारी ने समस्त मजिस्ट्रेट एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अपने अपने दायित्वों का सम्यक निर्वाहन करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा जनहित की समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी को नौ सूत्रीय ज्ञापन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) तहसील रुदौली की विभिन्न जनहित की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अधिकारी अयोध्या से मिला व नौ सूत्री ज्ञापन सौंपा।पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव के नेतृत्व में रुदौली विधान सभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी नेता एहसान मो अली उर्फ चौधरी शहरयार ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भेलसर–इन्हौना मार्ग पर निर्माणाधीन प्रवेश द्वार के अतिक्रमण की परिधि में आने की बात कहते हुए निर्माण कार्य रोक कर उसे चौड़ा कर बनाने की माँग की गई।घागरा बाढ़ पीड़ितों की फसलों व मकानो के नुकसान का आँकलन कर मुआवजा देने की बात कही गई।रुदौली नगर में जल निगम के द्वारा खोदी गई सड़कों को ना बनाने के कारण ठेकेदार से रिकवरी की माँग की गई।नगर के पूरे जामी–अकबरगंज मार्ग कई माह से खुद्ुदा पड़ा है ,उसे तुरंत बनवाने के लिए किसी अन्य ठेकेदार को निर्देशित किया जाए व जिम्मेदार ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए।नगर पालिका परिषद रुदौली द्वारा निरंतर नगर सीमा में शारदा सहायक नहर व भौली रोड पर कूड़ा डम्प किया जा रहा है जिसे रोका जाए ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली के चिकित्सकों द्वारा अस्पताल से दवा ना देकर बाहरी दवाईं लिखने व केंद्र के समीप प्राइवेट अस्पतालों व पैथॉलॉजी द्वारा मरीजों का आर्थिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है जिसे रोकने की माँग की गई।अख्तियारपुर गाँव में विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से विगत दिनो हुई मौत के उपरांत भी जर जर तार व खम्भे नहीं ठीक किए गए हैं जिसे जल्द ठीक किया जाए।प्रतिनिधिमंडल में प्रमोद कौशल,मो इद्रीस,शुएब खां,सुखराम यादव,परवेज अहमद सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नगरीय निकाय चुनाव 2022 हेतु तैयारियां हुई तेज

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नगरीय निकाय चुनाव 2022 के लिए परिसीमन के अनंतिम प्रकाशन के बाद तैयारियां तेज हो गई हैं। जहां एक ओर पार्षद व मेयर पद का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार तैयारियों में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर आयोग ने उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की सीमा तय कर दी है।महापौर पद के प्रत्याशी 40 लाख तो पार्षद तीन लाख रुपये ही खर्च कर सकेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 2.5 लाख रुपये तथा सदस्यों के लिए 50 हजार रुपये की खर्च सीमा तय की है। इसके साथ ही नगर पंचायत, सभासद व नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क व जमानत राशि भी निर्धारित कर दी गई है। निकाय चुनाव 2022 के परिसीमन के अनुसार वाराणसी नगर निगम में 100 वार्ड व नगर पंचायत गंगापुर में दस वार्ड हैं। इन सभी वार्डों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य जारी है। इस बीच सभी उम्मीदवार चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। इस बार के परिसीमन में कुछ नए वार्ड बने हैं और कुछ पुराने वार्डों के क्षेत्रों में बदलाव किया गया है। इस कारण अभी पार्षद पद के कुछ प्रत्याशियों के सामने चुनाव लड़ने के स्थान को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

## भारत रत्न लौह पुरुष''सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की मनाई गई जयंती

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन ''गोसाईगंज विकास विचार मंच'' के द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में ''पूर्व सांसद वर्तमान विधान परिषद सदस्य'' श्री हरिओम पांडे जी'',पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि श्री ओमप्रकाश सिंह जी'', अध्यक्षता भाजपा नेता श्री शोभनाथ वर्मा,जी संचालन शेखर जायसवाल ने किया श्री सियाराम बर्मा,डॉ विजय लक्ष्मी जायसवाल, मंडल अध्यक्ष श्री अशोक वर्मा,मंडल चुनाव प्रभारी श्री विनीत सिंह बिन्नू,चंद्रभान वर्मा, राजकुमार पटेल, बजरंग चौरसिया, ओमप्रकाश सोनी, पंकज सिंह, प्रदीप जायसवाल, रामकुमार सेठ, रामजी द्विवेदी,संजय पराग,अरविंद अर्पण, डॉ मगन लाल वर्मा डॉ आर एन विश्वकर्मा,डॉ पी एन सिंह,सभासद अवधेश स्वर्णकार,प्रशांत गुप्ता,श्रीमती देवी,शशि शर्मा,मो वशीम,महमूद हसन,आदि,संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया पटेल जी की चित्र पर पुष्प अर्पित, तथा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने अपने विचारों को रखा विदित हो कि 15 नवंबर 2009 को तत्कालीन चेयरमैन श्रीमती तारा देवी जायसवाल के द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के नाम से पटेल चौक की शिलान्यास (सरकारी अस्पताल के बगल)किया गया था 2011 मे नगर पंचायत बोर्ड के सदस्यों तथा जिला अधिकारी फैजाबाद के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया था 13 वर्षों तक उपेक्षित पड़े पटेल चौक को गोसाईगंज विकास विचार मंच के द्वारा पुनः अतिक्रमण मुक्त कराते हुए साफ सफाई रंग रोगन करा कर उक्त स्थल पर आज 31 अक्टूबर 2022 को पटेल जी की जयंती का कार्यक्रम मनाया गया इसके पूर्व नगर के सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत बुद्धिजीवी समाजसेवी युवाओं द्वारा पटेल चौक तक दौड मार्च निकाला गया रन फॉर यूनिटी महामंत्री सुशील सिंह, शिवपूजन सिंह, रज्जू शर्मा, रणधीर सिंह, राजन सोनी श्री प्रकाश सोनी राजेश गोस्वामी, प्रभाकर तिवारी,रामकृपाल, शिवकांत यादव,मनोज गुप्ता बृजेश चौरसिया लल्लू पाल,शेखर वर्मा, संतोष तिवारी राहुल गोड,मोहित, महताब, आदि सैकड़ों संख्या में लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण करके जयंती मनाई गई।

## एकता दिवस के रूप में मनाई गई लौहपुरुष की जयंती

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) देश को एकता के सूत्र में पिरोने के सूत्रधार लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती आज बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार में मनाई गई। एकता दिवस के रूप में आयोजित जयंती समारोह में छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक कर्मचारियों ने एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह बताया कि 31 अक्टूबर को देश के महान सपूत सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई जाती है। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में अनेक महान व्यक्ति हुए हैं। उनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक सरदार वल्लभ भाई पटेल भी एक थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का अखंड भारत का सपना पूरा कर दिया है।प्रवक्ता वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि 31 अक्टूबर को देश के महान सपूत सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई जाती है। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में अनेक महान व्यक्ति हुए हैं उनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक सरदार वल्लभ भाई पटेल भी एक थे। पटेल जी आजाद भारत के पहले उप–प्रधानमंत्री और गृहमंत्री रह चुके है। महापुरुष सदियों में एकाध ही पैदा होते हैं। पटेल देश की एकता और अखण्डता के प्रबल पक्षधर थे। जिन्होंने खुद प्रधानमंत्री की कुर्सी को त्याग दिया। जो अपने आप में एक मिशाल है। छात्र छात्राओं एवं शिक्षक कर्मचारियों ने एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ ली।इस अवसर पर प्रवक्ता डॉ उदय प्रताप सिंह,शैलेंद्र सिंह, सर्वेश शुक्ला ,विनोद कुमार, शैलेंद्र यादव, आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नलकूप खंड कार्यालय में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नलकूप खंड कार्यालय में पीयूष रंजन अधिशाषी अभियंता द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती समारोह आयोजित किया गया । पीयूष रंजन अधिशासी अभियंता ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने कहा कि लौह पुरुष सरदार सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्रता मिलने के बाद देशी रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में उनके द्वारा किए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है सरदार पटेल के निधन के 41 वर्ष बाद 1991 में भारत की सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान भारत रत्न से नवाज गया था। इस अवसर पर नेबू लाल, आनद स्वरूप यादव,डिंपल वर्मा,श्रीमती मंजू कुमारी दीपांकर मिश्रा योगेश कुमार सिंह संतोष रावत, जितेंद्र यादव ,संदीप , विवेक मिश्रा नीरज विश्कर्मा श्रीमती हेमलता , सुषमा , लव कुश गुप्ता के साथ नलकूप खंड के दर्जनों लोग शामिल रहे।

## अयोध्या की स्थापना बैकुंठ के केंद्रीय भाग के रूप में हुई थी : यूं ही नहीं होती राम नगरी की परिक्रमा –दैवी स्वरूप

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) राम नगरी की तीन परिक्रमा होती हैं सबसे बड़ी परिक्रमा चौरासी कोस की है इसका प्रारंभ चौत्र पूर्णिमा से होता है दूसरी 14 कोसी परिक्रमा है इसका आरंभ कार्तिक शुक्ल नवमी के हिसाब से मंगलवार को ही मध्यरात्रि से है तीसरी पंचकोसी परिक्रमा कार्तिक शुक्ल एकादशी को होती है राम नगरी की परिक्रमा यूं ही नहीं होती है इस इसके मूल में नगरी का वैशिष्ट्य है पौराणिक मान्यता के अनुसार सृष्टि के आरंभ में मनु बैकुंठ का आनंद छोड़कर अन्यंत्र नहीं जाना चाहते थे और भगवान की इच्छा के अनुसार सृष्टि का सृजन हथियार था ऐसे में भगवान ने धरती पर सृष्टि के आरंभ में बैकुंठ के केंद्रीय प्रभाग के रूप में अयोध्या की स्थापना कराई यही कहते हैं कि नगरी भगवान विष्णु के चक्र पर स्थापित है अयोध्या का प्रात मोक्ष वाहिनी नदियों की सूची में परिभाषित है इसमें मथुरा हरिद्वार काशी कांची उज्जैन द्वारिका के साथ अयोध्या का उल्लेख किया गया है इसे मात्र संयोग ही नहीं कहा जा सकता एक अन्य विवरण में अयोध्या को भगवान विष्णु का मस्तक बताया गया अयोध्या का श्री राम के अवतार से पहुंचता है किंतु उनके कई पूर्वजों ने भी इस नगरी को स्थापित करने के साथ संपूर्ण मानवता को समूह किया मनु सहित दिलीप रघु भागीरथी दशरथ आदि प्रतापी नरेश में अयोध्या नियंत्रण उत्कर्ष का वर्णन करती रही अयोध्या जैन माता वलियों की भी आस्था के केंद्र में रही है जैन धर्म के 24 तीर्थ कारों में से पांच ने यही जन्म लिया यहां जन्म लेने वाले तीर्थ कारों में ऋषभदेव अजीत नाथ अभिनंदन नाथ अनंत नाथ एवं सुमित नाथ शामिल है भगवान बुद्ध ने यहां बरसात की 16 दिनों में याद किया और अनेक कालजई उद्देश्य इसी धरती से दिए प्रथम गुरु नानक देव गुरु तेग बहादुर एवं दशम गुरु गोविंद सिंह के भी आगमन से यह नगरी गोरांति सही सूफी संत भी अयोध्या की आध्यात्मिकता से अछूते नहीं रहे अनेक सूफी संत लंबा सफर तय कर यहां पहुंचे और ऊपर वाले को याद करते हुए इसी मिट्टी में दफन हो गए अयोध्या गुप्त नरेश हो से भी शोभित रही जिनके दौर को भारत का स्वर्ण युग कहा जाता है अयोध्या भगवान कृष्ण से लेकर महान संत एवं दार्शनिक रामानुज तथा रामानंद की भी आस्था के केंद्र में रही है।

## धुंध लेकर आई सुबह : नवंबर के दूसरे सप्ताह से हो सकता ठंड का आगाज

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आसमान में ऊंचाई पर हल्के बादल छाए होने से रात के तापमान में गिरावट आई है और सुबह धुंध छाई हुई है। मौसम विभाग ने नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड पड़ने की संभावना जताई हैं धुंध लेकर आई सुबह, नवंबर के दूसरे सप्ताह से हो सकता ठंड का आगाज धुंध लेकर आई सुबह, नवंबर के दूसरे सप्ताह से हो सकता ठंड का आगाज पश्चिमी विक्षोभ के कारण आकाश में काफी ऊंचाई पर हल्के बादलों की आवाजाही के कारण रात के तापमान में मामूली रूप से बढ़ोत्तरी हो रही है और दिन के तापमान में कमी आ रही है। अगले सात से आठ दिन तक इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। हवा में नमी की मात्रा बढ़ने के साथ ही धुंध में भी इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग ने नवंबर के दूसरे सप्ताह से धुंध और बढ़ने की संभावना जताई है मौसम विज्ञानी डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि आने वाले दिनों में धूप खिलती रहेगी, लेकिन सूरज की तपिश में कमी आ सकती है। इसके कारण तापमान में मामूली उतार चढ़ाव हो सकता है। उन्होंने बताया कि हिमालय पर आ रहा नया पश्चिमी विक्षोभ भी गंगा के मैदानी क्षेत्र में प्रभाव डाल सकता है। इससे बादलों की आवाजाही बढ़ सकती है। रविवार को न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कैसे बढ़ती है धुंध सर्दी के मौसम में जब आर्द्र (नम) हवा ऊपर उठकर ठंडी होती है, तो जलवाष्प संघनित होकर जल की सूक्ष्म बूंदें बनाती हैं। इसी को कोहरा कहा जाता है। जब इन सूक्ष्म बूंदों में धुआं व धूल के सूक्ष्म कण शामिल हो जाते हैं तो धुंध बनती है। इन दिनों हिमालय पर आए पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रति चक्रवात विकसित हुआ है, जिसके कारण अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवा में बढ़ोत्तरी होती है और साथ ही धुंध में भी इजाफा हो रहा है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसएवि) के मौसम विज्ञानी डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ हिमालय के पूर्वी क्षेत्र के पास है, जिसका प्रभाव गंगा के मैदानी क्षेत्र में पड़ रहा है। हवा में अधिकतम आर्द्रता 90 प्रतिशत से ज्यादा हो रही है। यही हवा वायुमंडल में ऊपर उठकर रात से सुबह तक धुंध बनकर छा रही है। मौसम विज्ञानी ने बताया कि चूंकि शहर में प्रदूषण की मात्रा भी ज्यादा है, ऐसे में धुंध की चादर भी बढ़ रही है। सोमवार रात से एक और पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय को प्रभावित करेगा। इससे नम हवा तेजी से गंगा के मैदानी क्षेत्र में आएगी और इसके बाद सुबह व शाम धुंध और बढ़ने के आसार हैं। जहां प्रदूषण की मात्रा कम होगी, वहां कोहरा पड़ने की भी संभावना है। ऐसे में दृश्यता में कमी आ सकती है और लोगों को दूर की चीजें धुंधली दिखाई दे सकती हैं। ओस में भी हो रहा इजाफा मौसम विभाग के मुताबिक दीपावली के बाद से रात में ओस की मात्रा में भी इजाफा हुआ है। चूंकि दिन के समय पृथ्वी गर्म होती है और रात में तापमान करीब आधा होता है। इसके कारण जमीन का तापमान भी रात में काफी कम हो जाता है और इसके संपर्क में आने वाली हवा में मौजूद जलवाष्प संघनित होकर सूक्ष्म बूंदों के रूप में जमा हो रही है।

## आज सें शुरू होगी धान की खरीद –एस एन पांडेय आर एफसी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) खरीफ विपणन वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत अयोध्या मण्डल के सभी जनपदों में राजकीय धान क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद कल दिनांक 01 नवम्बर, 2022 से प्रारम्भ हो जाएगी। सरकार ने इस वर्ष धान का न्यूनमत समर्थन मूल्य



कॉमन रु0 2,040/– प्रति कुंतल एवं ग्रेड–ए 2,060/– प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। धान विक्रय हेतु मण्डल में कुल 57411 कृषकों ने अपना कृषक पंजीकरण कराया है। धान खरीद किसानों के बायोमीट्रिक सत्यापन के बाद ई–पाश मशीन के जरिये की जाएगी। किसानों को पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से 48 घंटे में धनराशि का भुगतान उनके आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। कृषक बन्धु अपना धान साफ–सुथरा करके केन्द्र पर लेकर जायें, ताकि उन्हें धान विक्रय में कोई समस्या न आये। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिये राज्य सरकार ने टोल फ्री नम्बर 1800–1800–150 भी जारी किया है, जिस पर किसान धान विक्रय में होने वाली समस्या को दर्ज कराकर समाधान करा सकते हैं।

## यूपी में मदरसों का सर्वे पूरा : करीब आठ हजार गैर मान्यता प्राप्त मिले : मुरादाबाद में सबसे ज्यादा

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में मदरसों को लेकर चल रहा सर्वे पूरा हो गया। पूरे प्रदेश में करीब आठ हजार मदरसे गैर मान्यता प्राप्त मिले हैं। हालांकि इस बाबत 15 नवंबर तक सभी डीएम अपने–अपने जिलों की रिपोर्ट शासन को भेजेंगे। प्रदेश में गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे दस सितंबर से शुरू हुआ था। सोमवार तक टीमों ने सर्वे पूरा कर अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारियों को प्रेषित कर दी है। सबसे ज्यादा गैर मान्यता प्राप्त मदरसे मुरादाबाद में मिले हैं। दूसरे नंबर पर बिजनौर तथा तीसरे स्थान पर बस्ती है। रजिस्ट्रार मदरसा बोर्ड जगमोहन सिंह के मुताबिक करीब आठ हजार गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के मिलने की बात कही जा रही है, लेकिन जिलाधिकारियों की रिपोर्ट आने के बाद ही सही स्थिति पता चल सकेगी। शासन स्तर पर बनी विशेष सचिव अल्पसंख्यक, निदेशक अल्पसंख्यक तथा रजिस्ट्रार मदरसा बोर्ड की तीन सदस्यीय समिति ने पूरे सर्वे पर नजर रखी। सर्वे में इन खास बिंदुओं पर रहा फोकस सर्वे में मुख्य रूप से यह पता किया



गया कि मदरसों की आय के क्या स्रोत हैं। साथ ही भवन, पानी, फर्नीचर, बिजली व शौचालय के क्या इंतजाम हैं और कौन संस्था संचालित करती है? इसके अलावा मान्यता की स्थिति, छात्र संख्या व उनकी सुरक्षा के इंतजाम, पाठ्यक्रम व पढ़ाने वाले शिक्षकों की संख्या जैसे विभिन्न बिंदुओं की पड़ताल की गई।

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने तथा संचालन जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने किया । गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व सांसद तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ निर्मल खत्री ने कहा आज हम जिन दो पुण्य आत्माओं को याद करने के लिए इकट्ठा हुए हैं उनका हमारे आजादी से लेकर भारत के नवनिर्माण तक में अहम योगदान रहा। श्री खत्री ने कहा भारत की प्रथम तथा एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रही श्रीमती इंदिरा गांधी अदम्य इच्छाशक्ति तथा दृढ़ संकल्प की प्रतिमूर्ति थी। 4 बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में रहते हुए उन्होंने भारतवर्ष को आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने का प्रयास किया। श्री खत्री ने कहा भारत रत्न इंदिरा गांधी की विश्व शक्तियों के सामने न झुकने के नीतिगत और समयानुकूल निर्णय क्षमता से पाकिस्तान को परास्त किया और बांग्लादेश को मुक्ति दिलाकर स्वतंत्र भारत को एक नया गौरवपूर्ण क्षण दिलवाया। अध्यक्षता कर रहे एआईसीसी सदस्य राजेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तथा लौह पुरुष बल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए कहा इन दोनों नेताओं ने सदा देश हित के लिए कदम उठाए जहां पटेल ने आजादी के बाद कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम किया वही पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने इस देश के नवनिर्माण की बुनियाद रखी तथा विश्व में भारत को मजबूत तथा परमाणु शक्ति संपन्न देश बनाने के लिए प्रयास किए। एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा तथा जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल को आजादी के बाद उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री का पद सौंपा गया, जिसके बाद उनकी पहली प्राथमिकता देसी रियासतों को भारत में शामिल करना था। इस कार्य को उन्होंने बगैर किसी बड़े लड़ाई झगड़े के बखूबी किया। चूंकि भारत के एकीकरण में सरदार पटेल का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण था, इसलिए उन्हें भारत का लौह पुरुष कहा गया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, आसिफ मुन्ना, भीम शुक्ला ,रामेंद्र त्रिपाठी, अशोक राय ,कविंद्र साहनी, राजकुमार पांडे, अजीत वर्मा ,उमेश उपाध्याय ,राम अभिलाष पांडे ,राम बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मिड डे मील में थाली लेकर नहीं पहुंचा छात्र तो प्रधानाध्यापिका ने की पिटाई : बच्चे की नाक से निकला खून

कानपुर ब्यूरो : कानपुर में बिठूर थाना क्षेत्र के बनी गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 4 में पढ़ रहा दयालपुर निवासी छात्र सोमवार को मिड डे मील का खाना खाने के लिए थाली ले जाना भूल गया। बच्चे का आरोप है इस पर गुस्साईं प्रधानाध्यापिका ने बच्चे की पिटाई कर दी। पिटाई से बच्चे की नाक से खून बह निकला और कंधे पर सूजन आ गयी। घर पहुंचकर बच्चे ने पिता और मां को रोते हुए पूरी बात बताई। इस पर माता–पिता उसे इलाज के लिए स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए। मंगलवार को प्रधानाध्यापिका द्वारा पीटे जाने के आरोप का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद हरकत में आई बिठूर पुलिस पूछताछ के लिए विद्यालय पहुंची। मामले को संज्ञान में लेते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार पटेल भी जांच के लिए विद्यालय पहुंचे। हालांकि अभी तक परिजनों की तरफ से किसी भी तरह की तहरीर नहीं दी गयी है। बच्चे के परिजनों का कहना है कि वह अनुसूचित जाति से हैं। पिछले साल आरोपी प्रधानाध्यापिका ने छात्र सूर्यांश का दाखिला लेने से मना कर दिया था लेकिन बाद में बड़ी मिन्नतों के बाद दाखिला लिया था। मामले में प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।